वेदों की ओर लौटो...!

॥ ओ३म् ॥

॥ कृण्वन्तो विश्वमार्यम् ॥

वेद प्रतिपादित मानवीय मूल्यों को
जन-जन तक पहुँचाने हेतु कार्यतत्पर
सशक्त एवं समर्थ प्रान्तीय आर्य संगठन

महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा का
मासिक मुखपत्र

वैदिक गर्जना

युगप्रवर्तक महर्षि दयानन्द

वर्ष १६ अंक १० अक्टूबर २०१६

महान् ऋषिभक्त को श्रद्धावनत अभिवादन!

भावपूर्ण श्रद्धांजली !

जन्म २०/०८/१९४६ ** निधन ०६/१०/२०१६

महान तपस्वी वैदिक विद्वान, लेखक व संपादक
परोपकारिणी सभा अजमेर के प्रधान प्रो.डॉ.धर्मवीरजी !

ऐसे 'धर्मवीरजी' अब नजर नहीं आयेंगें !

टी.वी.चैनल पर
आध्यात्मिक विषयों
पर प्रवचन देते हुए
डॉ.धर्मवीरजी ।

प्रसिद्ध इतिहासविद्
प्रो.राजेन्द्रजी जिज्ञासु
के साथ
डॉ.धर्मवीरजी ।

लातूर में आयोजित
पं.नरेन्द्र
जन्मशताब्दी
समारोह में
डॉ.धर्मवीरजी ने
'श्रद्धानन्द गौरव
ग्रन्थ' का विमोचन
किया।

महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा का
मासिक मुखपत्र

वैदिक गर्जना

सृष्टि सम्वत् १,९६,०८,५३,११७ | कलि संवत् ५११७ | विक्रम संवत् २०७३
दयानन्दाब्द १९३ | अश्विन | अक्टूबर २०१६

प्रधान सम्पादक
माधव के.देशपांडे
(९८२२२९५५४५)

मार्गदर्शक सम्पादक
डॉ.ब्रह्ममुनि
(९४२१९५११९०४)

सम्पादक
डॉ.नयनकुमार आचार्य
(९४२०३३०१७८)

सहसम्पादक - प्रा.देवदत्त तुंगार, प्रा.ओमप्रकाश होलीकर,
प्रा.सत्यकाम पाठक, ज्ञानकुमार आर्य

अनुक्रम

* हिन्दी विभाग *

१) क्रान्तदर्शी ज्ञानसूर्य का अस्त (संपादकीय) ४
२) सुख की तलाश में भटकती दुनियां ६
३) डॉ.धर्मवीरजी को महाराष्ट्र की श्रद्धांजली..... ९
४) पोपलीला के शिकार बहुजनों की शोकान्तिका १०
५) अभिनंदन समाचार १७
६) कार्यक्रम समाचार १८

* मराठी विभाग *

१) उपनिषद संदेश/दयानंदांची अमृत वाणी..... १९
२) ऐकावे, पण कां व कसे ? २०
३) महर्षी दयानन्द प्रतिपादित गृहस्थाश्रम २७
४) वार्ताविशेष ३२
५) दोन वक्तृत्व स्पर्धा ३३
६) सभेचे उपक्रम ३४

* प्रकाशक *
मन्त्री, महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा,
सम्पर्क कार्यालय-आर्य समाज,
परली-वैजनाथ ४३१५१५

* मुद्रक *
वैदिक प्रिन्टर्स
महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा
आर्य समाज, परळी-वै.

वैदिक गर्जना के शुल्क
वार्षिक रु.१००/-
आजीवन रु.१०००/-

इस मासिक पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा विचारों से सम्पादक मण्डल सहमत हो, यह अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद की परिस्थिति मे न्यायक्षेत्र परली-वैजनाथ जि.बीड ही होगा।

संपादकीय

अहा, शोक... महाशोक ! डॉ.धर्मवीरजी चल बसे...

क्रान्तदर्शी ज्ञानसूर्य का अस्त

आज सारा आर्यजगत् शोकसागर में डूब गया है। नियती को क्या यही मंजुर था कि उसने एक महान् वेदज्ञ को हमसे छीन लिया ? हमारा क्या अपराध था कि, हम सबको बीच में ही छोडकर एक कुशल संगठक व दूरदर्शी आर्यनेता सदा के लिए हमसे बिछुड गया। आज दि.६ अक्टूबर २०१६ की प्रातःवेला में आदरणीय प्रिय डॉ.धर्मवीरजी के निधन की वार्ता सुनकर किसी को विश्वास तक नहीं हो सका कि वे आज हम में नहीं हैं। वॉट्सअप पर आते सन्देशों को पढकर हर एक आर्य हक्क-बक्का रहता और यही कह उठता -'यह क्या हो गया...?' देखते ही देखते सर्वत्र शोक की लहर छा गयी। एक ऐसे अलौकिक व्यक्तित्व, जिन्होंने अपनी अनोखी ज्ञान प्रतिभा व कार्यपद्धति द्वारा आर्यों के हृदय पर अधिराज्य स्थापित किया हो, जो कि हम सबके लिए पुरजोर सम्बल था। उनके जाने से आर्य जगत् के नभोमंडल का एक तेजोमय नक्षत्रसम कर्तृत्वसम्पन्न मार्गदर्शक लुप्त हो गया है। अभी बहुत कुछ करना बाकी था, लेकिन... **'ईश्वरेच्छा बलीयसी !'**

समग्र विश्व में ऋषि दयानन्द के मन्तव्यों को प्रसृत करने का सामर्थ्य रखनेवाले डॉ.धर्मवीरजी का अकस्माद् चले जाना यह आर्यसमाज के लिए भारी आघात है। जिधर-उधर बिमारियाँ फैली हो, मानवजाति विभिन्न रोगों से तडप रही हो, तब ऐसे में दुर्भाग्यवश उन सभी रोगों का समुचित इलाज करनेवाला तज्ज्ञ चिकित्सक ही अचानक चला जाये तो ... ! या यूं कहे कि चहुं ओर अन्धेरा छाया हो। राह भी धुंधली सी हो और ऐसे में राह दिखानेवाले सुयोग्य सारथि का ही करुण अन्त हो, तब रास्ता कौन दिखायेगा ?

प्रो.डॉ.धर्मवीरजी के बारे में क्या लिखा जाय ? ऐसी दुःखपूर्ण स्थिति में लेखनी आगे बढ नहीं रही है। एक ऐसे आर्यपुत्र जिनका जन्म केवल मात्र अपने धर्मपिता दयानन्द के व्रतों पर चलने व उनके कार्यों को पूर्ण करने के लिए ही हुआ था। अपनी ओजस्वी वाणी वं प्रतिभाशाली लेखनी के माध्यम से जहां उन्होंने वैदिक ज्ञानधारा की सरिता सारे संसार में बहाई, जिसे सुनकर व पढकर लोग पुलकित हो उठे! किसी भी पद-प्रतिष्ठा या मान-सम्मान से सर्वथा विमुक्त डॉ.धर्मवीरजीने उस पंक्ति से दूर रखा, जहां पर कुर्सियाँ पाने की होड लगी हो! ऋषिद्वारा स्थापित परोपकारिणी सभा का कायाकल्प करने में अहर्निश अपना जीवन लगानेवाले श्री धर्मवीरजी जैसे व्यक्ति आज कहाँ मिलेंगें ? अपनी अपूर्व दूरदर्शिता, अनुपमेय संगठन कौशल्य, अप्रतिम अर्थशुचिता व अनोखी धैर्यशीलता का परिचय देते हुए ऋषि की धरोहर परोपकारिणी सभा को

सर्वाधिक गतिमान बनाने में वे सर्वतोमना संलग्न रहें। जब से वे परोपकारिणी सभा से जुडे, कभी विश्राम नहीं पाया। उनका जीना व यहाँ तक कि मरना भी... सब कुछ आर्य समाज के लिए ही सिद्ध हो गया। सभा हो या पत्रिका ये दोनों डॉ.धर्मवीरजी के पर्याय बन चुके थे। सभा को आर्थिक दृष्टि से बलवती बनाने व इसके कार्य विस्तार में वे हर हमेशा ऐसे जुटे रहे, मानों श्वेतवस्त्रों वाले वे घुमते-फिरते सन्यासी ही हो !

अपने प्रवचनों व व्याख्यानों की सहजतापूर्ण शैली से वे श्रोताओं के दिलों व दिमाग से ऐसा नाता जोड देते, मानों वह भावनाओं का तार कभी न टूटता। सुननेवालों को वे विषयों की गहरायियों तक आसानी से पहुंचा देते थे। उनकी हंसमुख छवी मिलनेवाले में नया उत्साह, जोश व उमंग भर देती थी। जो भी उनके सान्निध्य में आया, वह उनके व्यक्तित्व से प्रभावित हुए बिना नहीं रहा। वे एक ऐसे स्पष्टवादी वक्ता थे, जिन्होंने कि असत्य के साथ कभी समझौता ही नहीं किया!

प्रो.डॉ.धर्मवीरजी का जन्म स्वतन्त्रता से एक वर्ष पूर्व २० अगस्त १९४६ को सन्त-सुधारकों की भूमि महाराष्ट्र के लातूर जिलांतर्गत उदगीर के समीपस्थ नांगलगांव में क्रान्तिकारी आर्य परिवार में हुआ। माता श्रीदेवीजी एवं पिता भीमसेनजी कट्टर वैदिकधर्मी थे। क्रांतिकारी नेता भाई बन्सीलालजी आपके नानाजी थे। आरंभिक शिक्षा के बाद धर्मवीरजी को अगली पढाई हेतु गुरुकूल झज्जर भेजा गया। यहाँ पर ही आपने लेखनी के संस्कार हस्तगत किए। व्याकरणाचार्य बनने के बाद आपने गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय से एम.ए. किया। पंजाब विश्वविद्यालय के दयानंद शोधपीठ से आपने पीएच.डी.की उपाधि प्राप्त की। तत्पश्चात एक-दो वर्ष राउरकेला(उडीसा) में अध्यापन कर आप सन् १९७४ में दयानंद कॉलेज अजमेर में संस्कृत विभाग के अधिव्याख्याता व विभागाध्यक्ष बनकर कार्यरत रहे। यही पर वे परोपकारिणी सभा से जुड गए और अपना समग्र जीवन ऋषि मिशन को पूरा करने के लिए लगाया। परोपकारिणी पत्रिका में छपनेवाले सम्पादकीय समाज, राष्ट्र और समग्र विश्व में व्याप्त ज्वलंत समस्याओं का समाधान दिलाने में उपयुक्त रहते थे। जब भी समस्याएं खडी होती, तब वे सम्बधित पक्ष व विपक्ष को उठाकर सूक्ष्मता से उनका समाधान ढूंढ निकालते। प्रबुद्ध पाठकों की इच्छा अब आपके सम्पादकीय लेखों के बिना कैसे पूर्ण होगी? बिना आपके आगामी ऋषिमेला कैसे मनाया जायेगा? कहीं उस भीड में हम डॉ.धर्मवीरजी को तो नहीं ढुंढते तो नहीं रहेंगे? ईश्वर ऐसे महान ऋषिभक्त की पवित्र आत्मा को शान्ति व सद्गति प्रदान करे। शोकमग्न हम आपके शिष्य श्रद्धान्जली अर्पण करते हुए बस यही कहते हैं-

'हा हन्त हन्त नलिनीं गज उज्जहार !' -नयनकुमार आचार्य

सुख की तलाश में भटकती दुनिया !

– पं.ब्रिजेश शास्त्री (वैदिकधर्म प्रचारक)

आज मनुष्य के सामने विज्ञान ने जो दिया है और दे रहा है, उसे देखते हुए प्राय: मनुष्य समाज की जडे हिल चुकी है। इसके लिए अगर में एक पंक्ति में कहूँ तो यह सही होगा कि, **''महापुरुषों की दुर्गति और नैतिक पतन हमारा।''** हमारे महापुरुषों ने यह कभी नही कहा कि आप आविष्कार मत करो या प्रगति मत करो ! उन्होंने तो सदैव इस बात को कहा है कि, 'आवश्यकता अनुसंधान की जननी होती है।' आज से लगभग ३०–३५ वर्ष पहले मानव समाज में यातायात के साधनों के देखे तो उस समय बैलगाडी, हाथी, ऊँट या घोडे आदि की सवारी होती थी। आज मानव के पास साईकल से लेकर हवाई जहाज तक उपलब्ध है। जहाँ मनुष्य को जाने में १० दिन लगते, वहाँ पर पहुँचने में आज २ घण्टे का समय लगता है। पहले मानव अपनी किसी बात को कही दूरदेश में सूचना भेजता था, तो महिने लगते थे। आज वही कार्य चन्द मिनटों में दूरसंचार के माध्यम से हो रहा है। पहले विद्या के क्षेत्र में या शिक्षा के क्षेत्र में अधिक पढे–लिखे मनुष्य नहीं थे। आज हम अनेकों डिग्रियाँ लेकर घूम रहे हैं। पहले का मनुष्य भोजन में अपने घर का बना हुआ भोजन पसंद करता था आज का इन्सान बाजार का भोजन पसंद करता है। क्योंकि उसमें माँता या बहन का प्यार होता था, पहले घर या मकान कच्चे हुआ करते थे। आज हर प्रकार से सुसज्जित मकान हैं, मनोंरजन के लिए टी.वी.है। यह सब कुछ हुआ यह मनुष्य की आवश्यकता है, लेकिन आज का मनुष्य समाज क्या इन साधनों से सुखी हुआ ?

आज का मनुष्य अपने मूल उद्देश्य से बहुत दूर गया और अपने जीवन में सब कुछ होते हुए भी असंतुष्ट है। इसका कारण हमने अपने महापुरुषों की बातों पर ध्यान नहीं दिया। महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती मानव निर्माण की अमरकृति **'संस्कार विधि'** में लिखते हैं, जिस गृहस्थी ने अपने सन्तानों का निर्माण कर लिया, उसने समस्त ऐश्वर्यों का ऐश्वर्य सब उन्नतियों की उन्नति और सारे सौभाग्यों का सौभाग्य प्राप्त कर लिये हैं। अपनी सन्तानें तो पैदा की, लेकिन मनुष्य आज के वातावरण में अपने कर्तव्य को भूल गया है। उसका परिणाम यह है कि, आज हमारे जीवन में अशान्ति, बेचैनी, उदासीनता एवं क्रूरता आ गयी और हम दु:खों से घिर चुके हैं। इसमें से निकलने का कोई रास्ता नहीं दिखाई देता है। महाभारत युद्ध में

वीर अभिमन्यु ने चक्रव्यूह में प्रवेश तो कर लिया, लेकिन वह बाहर नहीं आ सका, ठीक इसी प्रकार आज इस पाश्चात्य सभ्यता एवं संस्कृति से प्रभावित होकर मनुष्य ने इस भौतिक वातावरण रुपी चक्रव्यूह में प्रवेश तो कर लिया, लेकिन उसे निकलने का कोई रास्ता नहीं दिखाई देता हैं। क्योंकि आज चारों तरफ यही देखने को मिलता है कि बच्चों का बचपन गया, माता-पिताओं का प्यार गया और युवाओं के चेहरे से तेज गया, माता-पिताओं का सन्मान गया, मनुष्य का धैर्य गया, मानवता गयी! आज बुरी तरह से इन्सान दुःखी है और इस दुःख से दुःखी होकर माता-पिता बच्चों को कोसते है। लेकिन इसमें बच्चों की कोई गलती नहीं है। क्योंकि मनुष्य जीवन की आत्मा विचार है और हमने अपने बच्चों की मानसिकता, जो बनाई है, उसी का परिणाम आज हमारे सामने है। लेकिन आज मानवता को बचाना है, तो हम ऋषियों व महापुरुषों के विचारों पर चिंतन करना पडेगा। जिस प्रकार गर्भ में अभिमन्यु ने अपनी माता द्वारा अपने पिता अर्जुन से कहानी के माध्यम से चक्रव्यूह में प्रवेश करना सीखा था, ठीक उसी प्रकार हमें वह संस्कारों की परिपाठी को लाना होगा। आज हम कहते हैं -बच्चे किसी की सुनते नहीं, किसी का सन्मान नहीं करते, आलसी व प्रमादी होते जा रहे हैं।

ऋषियों की परम्परा में मानव का निर्माण करने के लिए संस्कारों का बहुत महत्त्व था। गर्भाधान से पूर्व संयम एवं सावधानियों पर ध्यान गर्भ के पश्चात् अर्थात ईश्वर मनुष्य के शरीर की रचना करता है। लेकिन बच्चे को बलवान, बुद्धिमान, धर्मात्मा, सत्वगुणी अथवा कायर, क्रूर, आलसी, प्रमादी, रजो गुणी या तमोगुणी बनाने का कार्य तो माता का है। पुंसवन संस्कार में मां को भोजन पर अधिक ध्यान देना होगा। **'जैसा खाये अन्न, वैसा बनें मन।'** अर्थात् क्या खाना है, क्या नहीं खाना है, कब खाना है, कब नहीं खाना है, और कितना खाना है, कितना नहीं खाना है ? अपनी रसना इन्द्रिय पर पूर्ण अधिकार रखते हुए अधिक तिखा, खट्टा, मीठा, चटपटा आदि त्याग करना और इसका भी ध्यान रखना होगा कि आज ईश्वरभक्ति के गलत स्वरुपार्थ उपवास, व्रत आदि का करना निषेध है अर्थात् न तो भूखे रहना है न अधिक भोजन करना है। लेकिन हम अपने नेत्रों से जैसा दृश्य देखते हैं, वैसा ही मन पर प्रभाव पडता है। कहा गया है कि **'जैसी दृष्टि, वैसी सृष्टि'** तो गर्भ अवस्था में हमे देखने योग्य दृष्यों को ही देखना है। अभद्र, अश्लील दृष्यों को नहीं देखना, इसके साथ ही हमें क्या सुनना है क्या नहीं सुनना है ? श्रव्य अर्थात् श्रवण भी अन्न है, कहीं

अश्लील गानों से हमारा मस्तिष्क भरा हुआ है, तो बच्चे पर उसी का प्रभाव पडेगा । वह बडा होकर अश्लील हरकतें एवं गन्दे गाने अवश्य ही गायेगा । खाने योग्य पदार्थ दूध, दही, फल, शहद, घृत आदि का अधिक सेवन करें, लेकिन अधिक भोजन न करे ।

'युक्ताहारविहारस्य युक्तकर्मचेष्टसु, ...आहारशुद्धौ सत्वशुद्धि सत्वशुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः ।'

कवि के शब्दों मे कहें तो –

'मन की हवस तन को बना देती है ।'
सारे बाग को बीमार बना देती है।'

हमें अपने मनमन्दिर की सफाई अवश्य ही करनी पडेगी । तब जाकर हम अपने मनुष्य जीवन के उद्देश्य को सफल कर सकते हैं क्योंकि वेद ने कहा है–**'हृत्प्रतिष्ठं यदजिरं जविष्ठं तन्मे मन शिवसंकल्पमस्तु।'**

अपने मन मन्दिर की सफाई के लिए १) नम्रता रुपी झाडू हाथ में लेकर झाडू लगानी होगी। २)श्रद्धारुपी आसन सिद्ध करना पडेगा । ३)पैर प्रक्षालन के लिए अश्रुरुपी जल से पैर धुलने होंगें, तभी अपना अन्त:करण पवित्र होगा । ४) प्रेमरुपी जीवन में पुष्प अर्पित करने पडेंगे । ५) विश्वासरुपी थाली में ज्ञानरुपी दीपक और धूप लेकर आरती करनी होगी। यह भाव ही हमे एवं हमारी सन्तों को पवित्र कर सकता है । जिस प्रकार ईश्वर बिना अपने अंग प्रत्यंग के सृष्टि को रचना करता है ठिक वैसे ही यह मन भी बिना किसी कारण के रचना करता रहता है । हमें सदैव ध्यान देना होगा कि, ईश्वर की कृति अर्थात् मनुष्य शरीर की रचना ईश्वर करता है, मगर इसे ठीक से सजाने अर्थात् बलवान, पराक्रम आदि बढाना मनुष्य का कार्य है ।

एक माली ने बहुत सुन्दर फल, फुलदार एक सुन्दर बगीला लगाया । उस बगीचे को देखकर हर मनुष्य आकर्षित होता और बगीचे के मालिक अर्थात माली की प्रशंसा करता चला जाता, लेकिन एक मनुष्य ऐसा आया कि सुन्दर बगीचे को देखकर माली की प्रशंसा तो की ही, लेकिन साथ ही साथ बगीचे की नाली से कही पानी निकलता हुआ देखा, तो उसे रोकता है । कहीं अस्त-व्यस्त कोई वस्तु पडी है, तो उसे संभालता है । कहीं कांटें या घास आदि हैं, तो उन्हे साफ करता है, साथ में माली की प्रशंसा भी करता चला जाता है । इसी प्रकार चलते २ माली के निकट पहुँचता है, तो माली उस व्यक्ति से अतिप्रसन्न होता है । ठीक इसी प्रकार यह संसाररुपी बगीचा उस ईश्वर ने बनाया है जो व्यक्ति इसे जितना सुंदर ढंग से इसे संभालता है, या देखभाल करता है, तो ईश्वर उस व्यक्ति पर अपनी कृपा दृष्टि अवश्य रखता है, अर्थात् उसे आशीर्वाद प्रदान करता है ।

ईश्वर के संसाररुपी बगीचे में जो

व्यक्ति आपस में भाई-भाई या मनुष्य-मनुष्य में आपस में फूट डालते या झगडा करते व कराते हैं, वे सदा पैरों तले दबाये जायेंगे और जो व्यक्ति दोनों भाई या किसी भी व्यक्ति के विचारों में मतभेद होता है और उनको सदैव आपस मिलाता है, एक दूसरे से प्रेमभाव से जोड देता है ऐसा मनुष्य ही समाज में सम्मान के पात्र होता है। ऋषि ने तो इसलिए लिखा है - 'संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश है।'

****

- आर्य समाज, गाजियाबाद(उ.प्र.)
मो.९८९९१३९४५४

महाराष्ट्र सभा की आर्यनेता को श्रद्धांजलि

'डॉ.धर्मवीरजी हमारे ऊर्जास्त्रोत थे।'

ऋषि दयानन्द के सपनों को साकार करने में अहर्निश संलग्न तपस्वी व्यवितत्त्व प्रो.डॉ.धर्मवीरजी के अकस्मात चले जाने से हम सभी को बहुत ही दुःख हुआ है। आर्यजगत् की अपूरणीय क्षति के साथ ही एक वेदों का मर्मज्ञ हमसे बिछुड गया है। वे हमारे लिए प्रेरणास्तंभ व ऊर्जास्त्रोत थे। महाराष्ट्र की सन्तभूमि मराठवाडा में जन्मे श्री धर्मवीर जी ने अजमेर(राजस्थान) को अपनी कर्मभूमि बनाया और ऋषि की अमूल्य धरोहर परोपकारिणी सभा की उन्नति में चार चाँद लगा दिये। इस सभा को पुनर्जीवित कर सर्वाधिक उन्नत बनाने का श्रेय डॉ.धर्मवीरजी को जाता है। वे वैदिक धर्म के दीवाने व परम ऋषिभक्त थे। उनकी वाणी से बहती वेदों की अमृतधारा श्रोताओं के हृदय को स्पर्श करती थी। तर्कनिष्ठ लेखनी के माध्यम से वे वैदिक सत्यमत को स्थापित करने में काफी सफल रहें। परोपकारी पाक्षिक में छपनेवाले सम्पादकीय लेख पढने के लिए आर्यजन लालायित रहते थे।उनकी लेखनी विरोधी विचारों को प्रत्युत्तर देने में सदैव तत्पर थी।

महाराष्ट्र सभा द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का निमन्त्रण हार्दिक स्वीकार कर डॉ.धर्मवीरजी सदैव हमारे मध्य में उपस्थित होते और अपने सारगर्भ विचारों से अनुग्रहित करते थे। महाराष्ट्र की आर्य जनता आपके विचार व कार्यों को कभी भुला नहीं पायेगी। आपकी मृत्युवार्ता को सुनकर हम सबपर वज्राघात हुआ है। सभा के सभी पदाधिकारी, आपके मित्रजन, उदगीर व वडवल में रहनेवाले आपके भाई-बहन, सारा परिवार व समस्त महाराष्ट्रवासी आर्यजन आपको शतशः अभिवादन करते हुए भावविभोर होकर श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

- सभा के सभी पदाधिकारी एवं समस्त आर्यजन, महाराष्ट्र

पोपलीला के शिकार बहुजन समाज की शोकान्तिका

– डॉ.ब्रह्ममुनि(प्रधान, महाराष्ट्र आर्य प्र.सभा)

एक जमाने में भारत विश्व का गुरु था। यहाँ के राजाओं का सर्वत्र चक्रवर्ती राज्य था। वेदानुसार जीवनपद्धति व समाजरचना विद्यमान थी और सर्वत्र आदर्श राज्य चलता था। यहां का चरित्रबल ऊँचा था। विद्वान् व राजा सभी पक्षपातरहित, सत्यप्रिय, धार्मिक, न्यायी और सबके कल्याण व हित में सोंचनवाले थे। उनमें मानवता, सच्ची ईश्वरभक्ति, मानवीय मूल्य, भूतदया आदि बातें प्रचुर मात्रा में थी। विद्वान लोग सभी को पक्षपातरहित वेद का ज्ञान देते थे। **'वेद का पढना–पढाना'** सब विद्वान् किया करते थे। उंच–नीचता आदि कुछ भी भेदभाव नहीं था। चारों वर्ण गुण, कर्म व स्वभाव के अनुसार चलते थे, न कि जन्म से। किन्तु महाभारत के युद्ध के एक हजार वर्ष पूर्व से ये उपरोक्त मान्यताएँ बदलती गयी। संकुचित व स्वार्थी पक्षपातवृत्ति बढते गयी और वर्ण व्यवस्था जन्म से हो गयी। बाद में लोग इसी को ही जाति मानने लगे और आगे चलकर जन्म के साथ ही व्यापार–धन्दा भी जोडा गया। इसी आधार से जातिव्यवस्था दृढ होते गयी। विद्वानों ने **'वेदों का पढाना (जन्मतः) ब्राह्मण वर्ग तक ही सीमित'** किया। वेद के अध्ययन से स्त्री और शूद्रों को वंचित रखा गया। ब्राह्मणेतर जाति के लोग, जिन्हें कि **'बहुजन'** कहते हैं, उनका भी वेदाध्ययन बन्द किया, उन्हें वेद के शाश्वत ज्ञान से और सुसंस्कारों से वंचित किया गया तथा उन्हें नीच समझा जाने लगा। ब्राह्मण स्वयं को उच्च वर्णीय समझने लगा। वेद के विद्वान भी स्वार्थी व मतलबी होने से उनका भी शाश्वत ज्ञान कम होते गया। उन्होंने वेदों को कंठस्थ करके संभाल तो लिया, किन्तु अर्थ गलत लगाये गये। इससे उनका भी ज्ञान और संस्कार बिघडते गये। उनका ब्राह्मणत्व भी कम हुआ और आचरण भी बिघडते गया। ब्राह्मणेतर लोगों के लिए वेद के विद्वानों ने पोथी व पुराण रचे और उन्हें ही उन्होंने पढाने लगाये।

ब्राह्मणेतर लोगों का वेदाभ्यास छुटने से उनसे संस्कृत भाषा भी छूट गयी। उनके लिए अनेकों भाषाएं बनाई गयी। इसके बावजूद बहुजनों के बच्चे–बच्चियों को मूलभूत संस्कारों से दूर रखा गया। इनके लिए अलग संस्कार बनाये गये। इस तरह से ब्राह्मणेतर लोग मूल वेद व वेद के शाश्वत ज्ञान से तथा वैदिक भाषा व संस्कृत भाषा से तथा नित्य कर्म व सुसंस्कारों से दूर रखे गये। उन्हें नीच समझा जाने लगा। उनके यज्ञ, योगाभ्यास, यज्ञोपवीत आदि सब छूट

गये । तथाकथित विद्वानों ने 'बहुजन समाज यज्ञोपवीत धारण कर नहीं सकता, यज्ञ कर नहीं सकता', इस तरह के नियम बनाए । उनके लिए सत्यनारायण, पांडवप्रताप, शिवलीलामृत आदि-आदि ग्रन्थों को पढने की व्यवस्था की गयी व प्रथा भी चल पडी । सामाजिक बंधन कडे हो गये । राजा को भी तथाकथित वैदिक विद्वानों व ब्राह्मणों की बातें माननी पडती थी तथा वह ब्राह्मणों के अनुसार ही न्याय देता था। शूद्रों और महिलाओं ने यज्ञोपवीत धारण करना नहीं, गायत्री मंत्र उच्चारण करना नहीं तथा तपश्चर्या, योगाभ्यास भी करना नहीं, इस तरह के नियम व कानून बनाये गये । हर एक जाति के अलग-अलग गुरु हो गये । फिर अलग-अलग गुरु मंत्र भी बनाये गये। खान-पान बिघडते गया । ब्राह्मणों के आचरण व उनकी ज्ञान साधना भी बिघडती गयी। यज्ञों में पशुबलि देने जैसी कुप्रथाएँ शुरु हो गयी । फिर उपर से लेकर नीचे तक हर एक व्यक्ति स्वयं को बडा और नीचेवालों को नीच(छोटा) समझने लगा । अपने को विद्वान बताकर अन्य लोगों को प्रश्न पूछने पर भी पाबंदी लगायी गयी। 'गुरु जो कहता है तथा बाबा जो बोलता है, उसको ही सही मानें । उसी पर विश्वास व श्रद्धा रखे और उन्हीं के अनुसार चले।' इस तरह की प्रथाएँ चल पडी । इससे अधिक मात्रा में अज्ञान व अंधविश्वास फैलता गया। ईश्वर व धर्म के बारे में अनेक मत बन गये । परिणामत: समाज एकसंगठित नहीं रहा, बल्कि विघटित हुआ। उन गुरुओं ने अपने-अपने से निम्न लोगों को फंसाया और स्वयं की गलतियां छुपाने के लिए शास्त्रों में प्रक्षेपण किये तथा उस स्थान पर अपने मनगढन्त विचार डाल दिये ।

समाज में मानवी मूल्य, सच्चरित्र, भूतदया कम होते गयी, तो भी गुरुओं ने समाज का शोषण करना छोडा नहीं। शोषण करने के लिए उन्होंने बहुजन समाज में मृतक श्राद्ध, पितृपक्ष, मूर्तिपूजा आदि परम्पराएँ शुरू की तथा ऐसे धन्दों से वे अपनी दक्षिणा इकठ्ठी करते रहें । इससे समाज में अनेक मत व पंथ बनते गये । धर्म के नाम पर दु:ख, अन्याय, अत्याचार, क्रूरता, हिंसा आदि बातें बढते गयी। बहुजन समाज अज्ञान व अंध:विश्वास के साथ ही बुरी अंध परंपराओं व कुप्रथाओं का शिकार हो गया । तथाकथित **'उन श्रेष्ठ विद्वान लोगों ने'** सामान्य अज्ञ लोगों को डर दिखाया कि, **'हम जिसे ईश्वर, धर्म व जाति कह रहे हैं, जो कुछ करने लगा रहे हैं, उन्हीं को ही आप मानें, अन्यथा सबका सर्वनाश हो जायेगा।'** इन बातों से बहुजन समाज बहुतही भयभीत होता गया । ज्ञान, तर्क व विद्वानों की संगती का अभाव होने से तथा वेदज्ञान भी न मिलने से यह समाज दिशाहीन हो गया । बुद्धि को

ताले लगाकर, आँखों पर पट्टी बाँधकर बुरी परम्पराओं में बहुजन समाज घसीटता गया व शोषित हो गया। इस तरह उसे दिनों दिन अपमान व अन्याय सहने पडे।

शोषकों का यह मूर्खतापूर्ण खेल और वह भी ईश्वर, धर्म, नीति आदि के नाम पर देखकर बहुजन लोग जाग उठे। शोषित बहुजन समाज का अपमान व अन्याय देखकर कुछ पुण्यात्माएँ क्रांतिकारी बनकर अज्ञान, अंध:विश्वास व कुप्रथाओं के विरोध में खडे हो गये । इसी के लिए उन्होंने अपना सारा जीवन लगा दिया । किन्तु प्रस्थापित शोषक वर्ग ने इसकी ओर थोडा भी ध्यान नहीं दिया । म.गौतम बुद्ध, म.बसवेश्वर, संत ज्ञानेश्वर, संत तुकाराम, एकनाथ, चोखा मेला, रामदास, कबीर, नानक, तुलसी आदि साधु-सन्तों व सुधारकों ने इस व्यवस्था को बदलने की कोशिश की, किन्तु बहुजन समाज भी और उनके गुरु, पंडे, पुजारियों की अनिष्ठ परंपराओं में ही फंसते रहे । उन्हें शाश्वत सत्य तक ले जा नहीं सके । ऐसे में गुजरात की पावन भूमि में स्वामी दयानंद जैसे युगपुरुष ने जन्म लिया । उन्होंने कडी तपस्या से वैदिक सत्यज्ञान प्राप्त किया। अविद्या व अंध:कार को दूर करने के लिए अपना संपूर्ण जीवन लगाया। समाज को इन पोपों की लीलाओं से बचाने का प्रयास किया । ईश्वरोपासना, वेदाध्ययन व योगाभ्यासद्वारा उन्होंने शाश्वत सत्य तथा ईश्वरीय वाणी को सामान्य लोगों के सामने रखा और घोषणा की कि, 'वेदमंत्र पठन के साथ ही वेदों का अध्ययन कोई भी मनुष्य अथवा महिला कर सकती है।' शुद्ध वेद ज्ञान, विशुद्ध संस्कार व आदर्श परम्परा समाज को बताकर पोपलीला से उसे बचाने की व्यवस्था की । सामान्य जनों को वेद के आधार पर एक ईश्वर, एक मानव धर्म, एक मानव जाति तथा एक ही उपासना पद्धति एवं आत्मकल्याण का रास्ता बताकर दुनिया को श्रेष्ठ मार्ग पर लाने का प्रयास किया । वेद अध्ययन के द्वार समग्र मानव जाति के लिए खोल दिये । वेदज्ञान का अधिकार हर एक मानव को प्रदान किया । स्त्री व पुरुषों को यज्ञोपवीत धारण करने का भी अधिकार दिया । साथ ही नित्य कर्म, उपासना, यज्ञ आदि की अनुमति सभी को प्रदान की । वेदज्ञान के अनुसार वर्णव्यवस्था का आधार गुण, कर्म व स्वभाव बताया । ब्राह्मणत्व जिसके पास है, वह ही सच्चा ब्राह्मण है और 'कोई भी व्यक्ति तप व साधना द्वारा ब्राह्मण बन सकता है', यह डंके की चोट के साथ बताया। वैदिक विचारों के प्रचार व प्रसार के लिए **'आर्य समाज'** जैसी महान संस्था की स्थापना की । सत्यार्थ प्रकाश, ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, संस्कारविधि आदि ग्रंथों का प्रणयन किया। जगह-जगह घूमकर राजाओं व विद्वानों से मिलकर सत्य वैदिक धर्म को फैलाने का प्रयास किया ।

उनके अनेकों शिष्य बन गये । इन्हीं में से स्वामी श्रद्धानन्द, पं.लेखराम, लाला लजपतराय, पं.गुरुदत्त आदियों ने समाज में सुधार लाने का प्रयास किया । आर्य समाज से जो काम हुआ तथा गुरुकुल आदि संस्थाओं से जो वेद विद्या के प्रसार का कार्य हुआ, वह सब वेद के शाश्वत ज्ञान के आधार पर ही था । स्वामी जी के प्रभाव से ही बहुजन समाज में वेद के पंडित व विदुषियाँ तैयार होने लगी। संस्कृत भी सब की भाषा बन गयी। शूद्रों को भी ब्राह्मण, वेदपंडित, विद्वान व पुरोहित बनने लगे। स्वामी जी के शिष्यों ने कन्या गुरुकुलों की अलग से स्थापना की । इन गुरुकुलों में पढकर अनेकों कन्याएँ वेद ज्ञान की अधिकारिणी बन गयी । वेद व आर्ष ग्रन्थ का अध्ययन, यज्ञ, पौरोहित्य तथा अन्य सभी धार्मिक संस्कार करने में भी आर्य विदुषी महिलाएँ आगे आती रही । स्वामीजी के प्रभाव से ही नारी शक्ति का उद्धार हुआ और वह केवल घर व बच्चों तक ही सीमित न रहते हुए राष्ट्र व समाज के सुधार में भी आगे आते रही। ऋषि के कारण ही अध्यात्म, संस्कृति तथा योगाभ्यास आदि क्षेत्र में भी महिलाओंने काफी प्रगति की है । स्वामीजी के प्रयासों से ही आज तक बहुजन समाज के विशेषत: शूद्र परिवार में जन्में हजारों लोग ब्राह्मणत्व को प्राप्त हुए और वे आज भी देश व समाज को वे वेद का शाश्वत ज्ञान बता रहे हैं । आर्य समाज के प्रचार कार्य में व गुरुकुलीय अध्ययन, अध्यापन में आज भी बहुत सारे विद्वान बहुजन समाज के ही हैं ।

महर्षि दयानन्द की यह विशेषता रही कि विगत पाँच सहस्त्र वर्षों के अन्ध:कार को चीरते हुए उन्होंने समस्याओं की जडों के हिला दिया व मूलभूत सुधार लाने का प्रयास किया। अन्य सुधारक मात्र प्रतिक्रियावादी बनते गये और उन्होंने ईश्वर की सत्ता, वेदज्ञान व आर्ष तत्त्वज्ञान को पूर्णत: छोड दिया तथा पक्षपातपूर्ण विचारों को अपनाते हुए समाज को वेदविरोधी दिशा दी। वस्तुत: तो यही होना चाहिए था कि पोपों व पौराणिकों द्वारा किये वेदमन्त्रों के मनमाने अर्थों के समुचित कल्याणकारी अर्थ लगाने चाहिये थे। महर्षि दयानन्द कभी भी प्रतिक्रियावादी नहीं बने। वेदज्ञान से दूर गये संसार को उन्होंने अपनी अनूठी साधना द्वारा वेदों के यथार्थ ज्ञान का प्रकाश दिया। अनूठी तपश्चर्या व साधना द्वारा स्वामीजी ने वैदिक विचारों की क्रान्ति की और शाश्वत सुख की प्राप्ति हेतु समग्र विश्व को वेदज्ञान की राह बताई। पक्षपातविरहित नीति व न्याय के माध्यम से सबका सर्वकाल कल्याण करने के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व न्योछावर किया। स्वामीजी के बहुजन उद्धार कार्य के परिणामस्वरुप ही उन्हीं से प्रेरणा से राजर्षि

शाहु महाराज, म.ज्योतिबा फुले, डॉ.बाबासाहब अम्बेडकर, तुकडोजी महाराज आदियों ने समाज सुधार के लिए अथक प्रयास किये। किंतु इन सभी के सुधार कार्य के मूल में वेद ज्ञान न होने से इनके प्रयास भी अधुरे ही रह गये । ब्राह्मणत्व लाने तथा ज्ञान, गुण, कर्म व स्वभाव बदलने की ओर इनका अधिक ध्यान नहीं रहा । फिर सभी ने अपनी-अपनी जाति संभालने का प्रयास किया । आजकल की आरक्षण की नीति ने और भी मजबूत किया है । इसका पोपलीलावालों को और भी अधिक लाभ हुआ। आज गलत परम्पराएँ, कुरीतियाँ, अज्ञान, अंध:विश्वास बढते ही जा रहा है । पंथवादी लोगों में तथा सामान्य लोगों में भी अज्ञान व अंधविश्वास बडे पैमाने पर है । पोपलीलावाले गुरु लोग इन्हें संभालने में लगे हैं । आज परम्परा के नाम पर और **'अपनी-अपनी श्रद्धा'** के नाम पर अज्ञान व अविद्या को संभालने के लिए पोपलीलावालों का प्रयास जारी है। जिसके लिए ज्ञान, गुण, कर्म व स्वभाव का काम करना है, वह भी नहीं मान रहा है और जिनके विरोध में क्रान्ति करनी थी, वे भी सत्य, शाश्वत ज्ञान को मानने के लिए तैयार नहीं हैं । इसलिए बहुजन समाज ईश्वरीय शाश्वत ज्ञान, गुण, कर्म व स्वभाव को बदलने व उन्हें बढाने के लिए आगे नहीं आ सका।

पोपलीलावाले लोगों ने महापुरुषों के नाम लेकर पुनश्च अपने अज्ञान की बात जारी रखी है । गीता, संत ज्ञानेश्वर व ज्ञानेश्वरी आदि नाम तो लेंगें, परन्तु उनके नाम पर मूर्ति पूजा, मृतक श्राद्ध, जातिवाद व अन्य गलत परम्परायें मजबूत करते रहेंगें ही। ये लोग म.बसवेश्वर जैसे महापुरुषों का नाम लेकर मूर्तिपूजा, जातिवाद, ऊंच-नीचता, छुआ-छूत आदि सबकुछ बढा रहे हैं। राजनीति के लोग तो आज 'वोट बैंक' को बनाये रखने के लिए समाज में जातिवाद, पंथवाद को बढावा दे रहे हैं । उनका तो मतलब ही स्वार्थी है , तब वे ऐसा करेंगे ही । साधु-संतों का नाम लेकर उन्हें पूजनीय बताकर उनके ही नाम पर फिर से मूर्तिपूजा, जातिवाद चला रहे है ।

देश की स्वतन्त्रता के बाद सरकार ने राष्ट्रीय एकात्मता को बढावा देने के लिए बहुत प्रयास किये, किन्तु यह एकात्मता भी आरक्षण के कारण निकम्मी हो गयी । आज समाज में हर कोई जगद्गुरु, बाबा, भगवान आदि बन रहा है और स्वयं को सबसे श्रेष्ठ बता रहा है । अज्ञान, अंधविश्वास व लालच आदि द्वारा ये लोग सामान्यों को उग रहे हैं। यह अवस्था किसी एक पंथ की नहीं, बल्कि सभी पंथों की है । ये धूर्त व पाखंडी लोग स्वयं को धार्मिक बताकर अधार्मिक काम कर रहे हैं। आधुनिक विज्ञान जो कि विभिन्न प्रयोगों द्वारा ही सत्य की खोज कर रहा है और अंधविश्वास में फंसी

हुई दुनिया को इन पोपलीलाओं के दुष्ट चक्र से बाहर निकालना चाह रहा है । इसके लिए परिपूर्ण सिद्धांत, तकनीकी सामग्री तथा (पक्षपातरहित) सुख के साधन वितरीत कर रहा है, किंतु दुर्भाग्य से यह आधुनिक विज्ञान भी अज्ञान, अंधविश्वास, धर्म-कर्म व मूर्तिपूजा के चक्कर में हैं । पंथवाद व जातिवाद में अटक गया है । पोपलीला ने इसे भी बांधकर रख दिया है । स्वतन्त्रता के बाद शिक्षा व्यवस्था में बडी क्रांति की । देहातों में भी सरकारी स्कूल व कॉलेज द्वारा शिक्षा की सुविधा हुई । बहुजन वर्ग ने शिक्षा संस्थाएं भी खोली । इससे सभी स्तर के लडके-लडकियों को पढने-लिखने का सुअवसर मिला । अनेकों छात्रवृत्तियाँ मिलने लगी । दलित व पिछडे परिवार के बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए आरक्षण की व्यवस्था हो गयी । इससे बहुजनों को बहुत लाभ भी मिला । परिणामस्वरुप आज बहुजन समाज अनेकों लडके-लडकियाँ, डॉक्टर, इंजिनिअर, अधिकारी, वकील, प्राध्यापक, शिक्षक, आदि पदों पर काम कर रहे हैं। आर्थिक दृष्टि से सुविकसित हो रहे हैं । इनके रहन-सहन में बहुत सुधार आया है । फिर वही दुर्भाग्य...! अविचारों के कारण इस पीढी में व्यसनाधीनता, भ्रष्टाचार और आलस्य प्रमाद आदि दोष भी बढते गये । समाज में 'अधिकारी यह तो खाने-पीनेबाला तो होता ही है', यह धारणा बढ गयी । इस तरह शाश्वत सुधार व प्रगति के स्थान पर अधोगति ही होती रही । विपुल मात्रा में धन व अधिकार मिलने पर अज्ञान, अंधविश्वास, धार्मिक कुपरंपराएँ आदि बातों को बढावा मिलता रहा। योग्य विचार न होने से बहुजन वर्ग दुःख, निराशा व बिमारियों में फसता गया। इस तरह आध्यात्मिक सुधार से वह पूरी तरह से दूर होता गया। जीवन विषयक सत्य शाश्वत ज्ञान, सुसंस्कार, ईश्वर, धर्म, मानवजाति, सच्चरित्रता, धार्मिकता, तत्त्वज्ञान, ब्राह्मणत्व, संयम, योगाभ्यास, आत्मकल्याण आदि बातों की ओर बहुजन समाज का ध्यान ही नहीं गया। आज भी वह केवल धन-दौलत, झूठी प्रतिष्ठा, मान-सम्मान, स्वयं का बढप्पन आदि बातों में फंसते जा रहा है । यह समाज अपने गरीब बंधुओं को सद्विचार देने व उसे संस्कारित करने हेतु ब्राह्मणत्व, ज्ञान, त्याग, तप, समर्पण की परंपरा निर्माण कर नहीं सका । आज भी बहुजन वर्ग के लोग अपनी सरकारी सेवा से निवृत्त होने के बाद पेन्शन मिलते हुए भी सामाजिक, शैक्षिक सेवा व सुधार कार्य करने तथा समाज को मार्गदर्शन करने के काम में संलग्न नहीं है । फिर एक बार धन सम्पत्ति जुटाने में लगे हैं । इसी कारण समाज में अज्ञान, अंधविश्वास, दुःख,

अशांति, आत्महत्याएं व मानसिक बिमारियाँ बढती जा रही हैं । बहुजन समाज के आलस्य व कर्महीनता के कारण ही सम्प्रति समाज में अधार्मिकता, पंथवाद, जातिवाद, अन्याय, अत्याचार, हत्याएँ, बलात्कार, क्रूरता आदि दोषों को बहुत बढावा मिल रहा है । शाश्वत ज्ञान व मूलभूत गुणवत्ता को प्राप्त करने का हमारा लक्ष्य पूर्ण नहीं हो रहा ।

बहुजन समाज के सभी गुरु व विद्वान् आदि सभी ने जो-जो था, वह-वह संभालने का प्रयास किया । इससे दुःख बढाने का ही काम हुआ है । इसलिए आज भी बहुजन समाज पहले से ही अधिक मात्रा में अज्ञान व अंधविश्वास में लिप्त है । बहुजन समाज के विद्वान लोग कुछ भी वैचारिक क्रान्ति अथवा सुसंस्कारों में वृद्धि करना नहीं चाहते । आध्यात्मिक क्षेत्र में भी वे मूल तक नहीं जाना चाहते। इनका प्रयास तो विपरीत दिशा की ओर ही है। अपनी पुरानी अंधपरम्पराओं, रुढियों व कुप्रथाओं को सुरक्षित रखने व उनमें बढावा देने के लिए वे प्रयास कर रहे हैं । इन्हीं बातों के लिए उनका त्याग व समर्पण जारी है, जो कि गलत दिशा में है । बच्चों को भी बचपन से ही पौराणिक पूजापाठ की विधियाँ सीखा रहे है । वेदपाठ के नाम पर फिर से अज्ञानवादी अंधविश्वास को बढावा मिल रहा है । पुजारियों, पंडितों, बाबाओं व गुरूओं की संख्या बढते ही जा रही है । जगह-जगह मंदिरों की स्थापना होकर मूर्तियों में प्राणप्रतिष्ठा का स्तोम बढता दिखाई दे रहा है। आर्यसमाज जो कि, वेद की शाश्वत ज्ञान के लिए ब्राह्मणत्व, योग, अध्यात्म आदि बातें गुण कर्म व स्वभाव के आधार पर बढाने के लिए तथा जीवन को ऊँचा उठाने व त्याग, तप, समर्पण व सबकी भलाई के लिए काम कर रहा है। इस संस्था के साथ जुडकर बहुजन समाज को अपनी सर्वांगिण प्रगति करनी चाहिए । आर्य समाज के सत्संगादि कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर विद्वानों के सानिध्य से वेदज्ञान ग्रहण करना चाहिए। वेदादि पवित्र ग्रन्थों के स्वाध्याय एवं सत्संग के माध्यम से ज्ञान, कर्म व उपासना का पथ स्वीकारेंगें, तो निश्चय ही समाज से अज्ञान दूर होता जायेगा । जातिप्रथा जैसी बिमारी भी नष्ट हो जाएगी । सभी लोग आध्यात्मिक प्रगति का रास्ता अपनायेंगें, तो निश्चय ही शाश्वत सुख व आनंद में वृद्धि होगी। यदि बहुजन वेदज्ञान को अपनायेंगें व अपने जीवन को उन्नत करेंगें, तो उनके इन शुभ प्रयासों से निश्चय ही पोपलीलाएँ बंद होगी और पाखंडवाद समाप्त होगा। परिणामस्वरुप सभी में धार्मिक व आध्यात्मिक सुधार आयेगा। इससे व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र की कोई भी समस्या नहीं रहेगी और सारा विश्व शाश्वत सुख के मार्ग पर चलता रहेगा । सिवाय इसके कोई भी अन्य मार्ग नहीं है। * * *

डॉ.वाघमारे को 'जीवनगौरव पुरस्कार'

प्रसिद्ध शिक्षाविद, पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं स्वा.रा.ती. मराठवाडा विश्वविद्यालय के संस्थापक उपकुलपति डॉ.जनार्दनरावजी वाघमारे को हाल ही में सहकार महर्षि पद्मश्री विठ्ठलराव विखे पाटील स्मृति 'साहित्य सेवा जीवन गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया गया । सामाजिक कार्य तथा शिक्षाक्षेत्र में व्यापक सुधार कार्य हेतु श्री वाघमारेजी को प्रवरानगर (लोणी जि.नगर) म आयोजित विशेष समारोह में मान्यवरों के शुभ करकमलों से रु.१लाख, स्मृतिचिन्ह, गौरवपत्र, शॉल व पुष्पहार प्रदान कर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर सर्वश्री रामराजे निंबालकर (अध्यक्ष, महाराष्ट्र विधानपरिषद), श्रीपाल सबनीस(अध्यक्ष, अ.भा.मराठी साहित्यसम्मेलन), श्री राधाकृष्णजी विखे पाटील(विरोधी दल नेता, विधानसभा), डॉ.रावसाहेबजी कसबे आदि उपस्थित थे।

शैक्षणिक, सामाजिक व सुधारणावादी दृष्टिकोन अपनाकर साहित्य सृजन करनेवाले डॉ.वाघमारेजी को यह पुरस्कार मिलने पर महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा संरक्षक स्वामी श्रद्धानंदजी, उपप्रधान राजेंद्रजी दिवे, पुस्तकाध्यक्ष प्रा.ओमप्रकाशजी होलीकर आदियों ने उनका अभिनंदन किया ।

वेदमुनिजी 'जोशी पुरस्कार' से सम्मानित

आर्य जगत् के ख्यातनाम अनुवादकर्त्ता एवं साहित्यिक प्राचार्य श्री वेदमुनिजी वेदालंकार को हाल ही में 'स्व.श्रीपाद जोशी स्मृति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है । अनुवादकार्य में योगदान देनेवाले किसी एक विद्वान व्यक्ति को प्रतिवर्ष यह पुरस्कार दिया जाता है । इस वर्ष के पुरस्कार के लिए भी मुनिजी का चयन किया गया। जिनके नाम से पुरस्कार दिया जाता है, वे स्व.श्रीपाद जोशी जानेमाने मराठी लेखक, समीक्षक व अनुवादक रहे हैं। महर्षि दयानन्द विरचित अमरग्रन्थ 'सत्यार्थ प्रकाश' को मराठी में अनूदित करने का अप्रतिम कार्य श्री जोशी जी ने किया था । साथ ही 'समग्र क्रांतीचे अग्रदूत स्वामी दयानंद' यह मराठी चरित्र ग्रंथ भी लिखकर उन्होंने मराठी भाषिकों की स्वाध्यायतृषा को शान्त किया है । इन दोनों ग्रंथों का प्रकाशन आर्य समाज पिम्परी

व आर्य समाज सान्ताक्रुज मुंबई ने किया था। ऐसे अनुवादक की स्मृति में महाराष्ट्र साहित्य परिषद की पुणे शाखा द्वारा रखा गया यह स्मृति पुरस्कार इस वर्ष आर्य लेखक व अनुवादक श्री वेदमुनिजी को प्राप्त हुआ है। श्री मुनिजी ने आज तक लगभग ३२ मराठी ग्रन्थों का हिन्दी भाषा में अनुवाद किया है। महर्षि दयानन्द के यजुर्वेदभाष्य, रामनाथ वेदालंकार द्वारा विरचित सामवेद भाष्य तथा अथर्ववेद के कईं मन्त्रों का भी आपने मराठी में अनुवाद किया है। दि.२६ जून को पुणे पत्रकार भवन में आयोजित विशेष समारोह में यह पुरस्कार मुनिजी को प्रदान किया गया।

पुरस्कृत डॉ.वाघमारेजी एवं मुनिजी का हार्दिक अभिनंदन व बधाई !

कार्यक्रम समाचार — रोजड में क्रियात्मक योग शिविर

आर्य जगत् की प्रसिद्ध योगशिक्षास्थली 'वानप्रस्थाश्रम, आर्य वन रोजड (गुजरात)' में आगामी दि.६ से १६ नवम्बर के दौरान **'क्रियात्मक योग प्रशिक्षण शिविर'** का आयोजन हो रहा है। तपोनिष्ठ योगी पूज्य स्वामी सत्यपतिजी परिव्राजक की अध्यक्षता में आयेजित इस शिविर में योगसाधना के क्रियात्मक प्रशिक्षण के साथ ही योगदर्शन के सूत्रों का अध्यापन व अनेकों सूक्ष्म आध्यात्मिक विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन होगा। दिनभर की व्यस्त दिनचर्या में प्रशिक्षणार्थियों को निर्धारित नियमों का पालन करना होगा।

अधिक जानकारी हेतु दूरभाष (०२७७०) २८७४१७, २९१५५५, ९४२७०५९५५० पर सम्पर्क करें।

सम्भाजीनगर में राज्य अन्तर्जातीय विवाह सम्मेलन

महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि के तत्त्वावधान में आर्य समाज गारखेडा, सम्भाजीनगर (औरंगाबाद) द्वारा आगामी ८ जनवरी २०१७ को **राज्यस्तरीय अन्तरजातीय विवाह इच्छुक** युवक-युवतियों का **परिचय सम्मेलन** रखा गया है। मानवनिर्मित जातिप्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में सभी आयुवाले युवक-युवतियों के साथ ही विधवा, विधुर, घटस्फोटित पुरुष-महिलाएं तथा उनके माता-पिता भी सम्मिलित हो सकते हैं। शहर के निराला बाजार परिसर में स्थित तापडिया नाट्यमंदिर में होनेवाले इस सम्मेलन में विद्वानों व आर्यनेताओं के मार्गदर्शन होंगें। अधिक जानकारी के लिए पं.रमेश ठाकूर (९४२३१७८८०३), डॉ.लक्ष्मण माने(९२२५१११११५३), एड.जोगेन्द्रसिंह चौहान (८६९८३४०००२), संतोष आर्य (९४०३०३६४५६) से सम्पर्क करें।

॥ओ३म्॥

माझा मराठाची बोलु कवतिके । परि अमृतातेही पैजेसीं जींके ।
ऐसी अक्षरेंचि रसिकें । मेळवीन ।। (संत ज्ञानेश्वर)

मराठी विभाग

उपनिषद संदेश — ईश्वरास कसे जाणावे ?

अपाणिपादो जवनो ग्रहीता पश्यत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः।
स वेत्ति विश्वं न च तस्यास्ति वेत्ता तमाहुरग्र्यं पुरुषं पुराणम्।।

(श्वेताश्वेतर उपनिषद ३/१९)

परमेश्वराला हात नाहीत. पण तो आपल्या सामर्थ्यरुपी हातांनी जगाची रचना करतो, ग्रहण करतो. त्याला पाय नाहीत, परंतू तो सर्वव्यापक असल्यामुळे सर्वांहून अधिक वेगवान आहे. त्याला डोळे नसले तरी तो सर्वांना यथावत पाहतो. कान नसले तरी सर्व काही ऐकतो. त्याला अंत:करण नाही. तरीही तो सर्वांना जाणतो. अशा त्या परमेश्वराच्या मर्यादा(सीमा) ओळखणारा कोणीही नाही. त्यालाच सनातन, सर्वश्रेष्ठ पूर्ण असल्यामुळे पुरुष म्हणतात. इंद्रिये व अंत:करण नसतानाही तो आपल्या सामर्थ्याने सर्व कामे करतो.

दयानंद वाणी — पितरांचे खरे श्राद्ध व तर्पण

विद्वान, देव, अध्ययन-अध्यापन करणारे ऋषी, माता-पिता आदी वयोवृद्ध ज्ञानी आणि परमयोगी म्हणजे **'पितर'** होत. त्यांची सेवा करणे म्हणजे **पितृयज्ञ** होय. पितृयज्ञाचे दोन भेद आहेत. एक श्राद्ध व दुसरे तर्पण. श्राद्ध म्हणजे 'श्रत्' हे सत्याचेच नाव आहे. **'श्रत्सत्यं दधाति यया क्रियया सा श्रद्धा, श्रद्धया यत्क्रियते तच्छ्राद्धम् ।'** ज्या क्रियेने सत्याचे ग्रहण केले जाते तिला **श्रद्धा** असे म्हणतात. श्रद्धेने जे कर्म केले जाते ते **श्राद्ध** होय. तसेच **'तृप्यन्ति तर्पयन्ति येन पितृन् तत्तर्पणम्'** म्हणजे ज्या ज्या कर्माच्या योगाने विद्यमान म्हणजे हयात असणारी मातापितरे संतुष्ट होतात व ज्यांना जे संतुष्ट केले जाते, त्याला **तर्पण** असे म्हणतात. मात्र हा दोन्ही प्रकारचा पितृयज्ञ जिवंत पितरांसाठी आहे, मृत व्यक्तींसाठी नाही.

(सत्यार्थप्रकाश-४ था समुल्लास)

ऐकावे पण का व कसे ?

- पं.राजवीर शास्त्री

